E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–8/2022.....4642 R0 16/12/2022

आदेश

प्रस्तुत अपील ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी मो0 फरहान (Emp. ID No.- AEN02930), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0– 1612 दिनांक– 02.07.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सूचना निर्गत किया गया है। अपीलार्थी को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ई–मेल के द्वारा दी गई है। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपीलार्थी के अपील पर अपना मंतव्य दाखिल किया गया। अपील में उभयपक्षों को सुनकर आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी का कथन है कि सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के पत्रांक– 1120 दिनांक– 11.05.2022 द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने एवं अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुझसे स्पष्टीकरण की मांग की गई। मेरे द्वारा किये गये कार्यों तथा कार्यों के सम्पादन के क्रम में आयी हुई बाधाओं को अंकित करते हुए दिनांक– 13.05.2022 को स्पष्टीकरण समर्पित किया गया था। मेरे द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण तथा वर्णित तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के ज्ञापांक– 1612 दिनांक– 02.07.2022 द्वारा मेरे संविदा अनुबंध को रद्द कर दिया गया था। राजस्व ग्राम– बभनियावाँ का किस्तवार कार्य दिनांक– 11.08.2021 को आवंटित किया गया था। मौजा–बभनियावाँ का किस्तवार कार्य दिनांक– 07.02.2022 को समाप्त कर राजस्व ग्राम–सौरे का किस्तवार कार्य दिनांक– 11.03.2022 को शुरू किया गया था, जो वर्त्तमान में पूर्ण कर लिया गया है।

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना ने अपने प्रतिउत्तर (मंतव्य) में स्पष्ट किया है कि दिनांक– 05.05.2022 को बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा में की गई विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षोपरान्त मो0 फरहान (Emp. ID No.- AEN02930), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा मौजा– बभनियावाँ, राजस्व थाना नं0–385 का किस्तवार कार्य 06 माह की लंबी अवधि में पूर्ण किया गया है। किस्तवार कार्य पूर्ण होने के पश्चात् खानापुरी कार्य, समीक्षा की तिथि तक प्रारंभ नहीं किया गया है। साथ हीं मौजा–सौरे, राजस्व थाना नं0–395 का किस्तवार कार्य 05 माह से लंबित है। मो0 फरहान द्वारा समीक्षात्मक बैठक में इस कृत्य के लिए कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। निदेशालय पत्रांक– 1120 दिनांक– 11.05.2022 द्वारा मो0 फरहान को कार्य में शिथिलता बरतने एवं अभिरूचि नहीं लेने के कारण तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश ई–मेल द्वारा दिया गया। मो0 फरहान द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण पर नोडल पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गई। प्राप्त मंतव्य पर अधोहस्ताक्षरी के समीक्षा में पाया गया कि मो0 फरहान द्वारा मौजा–बभनियावाँ का किस्तवार कार्य लगभग 06 माह की लंबी अवधि में पूर्ण किया गया है और खानापुरी अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। साथ ही मौजा–सौरे का किस्तवार कार्य 05 माह से लंबित है।

उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि मो0 फरहान द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है एवं इनके द्वारा इतने महत्त्वपूर्ण कार्यों में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। निदेशालय द्वारा पूछे गये स्पष्टीकरण में मो0 फरहान ने कोई ठोस कारण/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है, जिसके कारण इनका संविदा रद्द किया गया है।

उभयपक्षों को सुनने एवं अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मो0 फरहान द्वारा मौजा–वभनियावाँ, थाना नं0–385 का किस्तवार का कार्य लगभग 06 माह की लंबी अवधि में पूर्ण किया गया है एवं खानापुरी अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। साथ ही मौजा–सौरे का किस्तवार कार्य 05 माह से लंबित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निश्चित समय–सीमा के अंदर पूरा किया जाना है। उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि मो0 फरहान के कार्यों की उपलब्धि/नियमावली में वर्णित समय–सीमा के विपरीत है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि मो0 फरहान के बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों में रूचि नहीं लेने तथा इनके कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य एवं अन्य कर्मियों पर इसके कुप्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार पटना द्वारा मो0 फरहान का संविदा अनुबंध रद्द की गई है, इसमें किसी प्रकार के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

मो0 फरहान (Emp. ID No.- AEN02930), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–8/2022....4642....पटना, दिनांक :–....16/12/2022

प्रतिलिपिः– मो0 फरहान (Emp. ID No.- AEN02930), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बेन शिविर संख्या–1, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा, Email-farhanlrc305@gmail.com, अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–8/2022....4642....पटना, दिनांक :–....16/12/2022

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–8/2022....4642....पटना, दिनांक :–....16/12/2022

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–8/2022....4642....पटना, दिनांक :–....16/12/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप